बेरोजगारी की समस्या

2003. **डा० अबरार अहमद खान:** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में रोजगारों की संख्या कितनी है तथा गत तीन वर्षों के दौरान बेरोजगारी में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ; शिक्षित तथा अशिक्षित बेरोजगारों की संख्या कितनी है, ग्रामीण तथा शहरी बेरोजगारों की संख्या कितनी है और अर्द्ध बेरोजगारों की संख्या कितनी है, इन सभी बेरोजगार व्यक्तियों में से, 35 वर्ष से कम आयु वाले बेरोजगारों की संख्या कितनी है और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है, राजस्थान के संबंध में पृथक ब्यौरा दें ;

(ख) क्या इन बेरोजगारों को कोई बेरोजगारी भत्ता अथवा कोई अन्य सहायता दी जायेगी और सरकार उनके कल्याण के लिये क्या कदम उठा रही है ; और

(ग) क्या इन शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती हुई संख्या को नियंत्रित रखने के लिये कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ?

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान : (क) से(ग) अद्यतन: उपलब्ध सूचना, राष्ट्रीय नमुना सर्वेक्षण संगठन द्वारा अपने 43वें दौर (जुलाई 1987 जून, 1988) के दौरान रोजगार और बेरोजगारी पर किये गये राष्ट्र-व्यापी नमूना सर्वेक्षण के अधीन किये गये सर्वेक्षण द्वारा एकत्र की गई सूचना है । इस स्रोत के अनुसार प्रधान और गौण दोनों प्रकार के कार्यकलापों को ध्यान में रखते हुये, पांच वर्ष और ऊपर वाले आयु वर्ग में सामान्यत: बेरोजगार व्यक्तियों की कुल संख्य 1-1-1988 की स्थिति के अनुसार 93 लाख थी, जिनसे में 53 लाख ग्रामीण क्षेत्रों में और 40 लाख शहरी क्षेत्रों में थे ।

शैक्षिक स्तर पर बेरोज़गारी के आंकड़े, जोकि 15 वर्ष और ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों के लिये उपलब्ध हैं, नीचे दर्शाये गये हैं:-

शैक्षिक स्तर	संख्या (लाखों में)
(1) माध्यमिक और ऊपर	37
(2) माध्यमिक स्तर तक शिक्षित	33
(3) अशिक्षित	18
योग :	88

इनमें से 77 लाख व्यक्ति 15-34 आयु वर्ग में होने का अनुमान लगाया गया था ।

राजस्थान में, पांच वर्ष और ऊपर की आयु वाले बेरोजगार व्यक्तियों की अनुमानित संख्या 365 हजार थी । शैक्षिक स्तर पर इन आंकड़ों का विवरण उपलब्ध नहीं है ।

सभी नागरिकों को किसी तरह की रोजगार गारन्टी देने के एक प्रस्ताव की जांच की जा रही है । आठवीं योजना के दृष्टिकोण में 2000 ई. सन् तक पूर्ण रोजगार की स्थिति प्राप्त करने के उद्देश्य से रोजगार पर मुख्य बल दिया गया है ।

सवाई माधोपुर होकर गुजरने वाली बम्बई को जाने वाली रेलगाड़ियां

2004. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली से बम्बई को जाने वाली उन रेलगाड़ियों के नाम क्या-क्या